प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने साहिबगंज में दर्जनों मतदान केंद्रों का लिया जायजा, मतदाताओं से किया सीधा संवाद।

2- रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार सातवीं बार रेपोरेट में नहीं किया कोई बदलाव, छह दशमलव पांच प्रतिशत पर रेपोरेट कायम।

3- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परीक्षा आकलन और मूल्यांकन विधियों में किया परिवर्तन।

4- सरायकेला खरसावां के चांडिल अनुमंडल में जिला प्रशासन ने अवैध उत्खनन को लेकर की कार्रवाई।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार और साहिबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती ने संयुक्त रूप से जिला के दर्जनों बूथों का जायजा लिया। बूथ निरीक्षण में मतदाताओं से सीधा संवाद भी किया। बुजुर्ग मतदाताओं से भी संवाद कर उनको मतदान के लिये आयोग की ओर से दी जा रही सुविधाओं को लेकर जानकारी भी दी।

*******************

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार सातवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की और रेपो रेट को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर ही रखा। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद दर सात प्रतिशत और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रा स्फीति चार दशमलव पांच प्रतिशत पर रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 29 मार्च 2024 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्च स्तर छह सौ 45 अरब 60 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि इस वर्ष वैश्विक व्यापार में सुधार की आशा है लेकिन यह औसत से नीचे रहेगा। घरेलू स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मांग में बढ़ोत्तरी हो रही है, गैर संगठित क्षेत्र में सुधार है और निवेश बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए भू–राजनीतिक स्थितियां और सार्वजनिक ऋण का ऊंचा स्तर गंभीर चिंता के विषय हैं।

*******************

जम्मू–कश्मीर को छोड़कर देश के अन्य भागों के लिए लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन पत्रों की जांच आज शुरू होगी। जबकि जम्मू कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच कल होगी। दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया कल समाप्त हो गई। इस चरण में बाहरी मणिपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव इस महीने की 26 तारीख को होंगे। केरल की बीस, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ और मध्य प्रदेश की सात, असम और बिहार की पांच–पांच सीटें, पश्चिम बंगाल और छतीसगढ़ की तीन–तीन सीटें, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर की एक–एक सीट पर दूसरे चरण में चुनाव होगा। सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के उम्मीदवार सोमवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं।

*******************

गुमला जिले में पुलिस की ओर से जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध छापामारी अभियान शुरू किया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार, 04 अप्रैल को जिले के सिसई थाना अंतर्गत सकरोली स्थित एक जेनरल स्टोर से अंग्रेजी शराब, बियर, 45 लीटर महुआ शराब सहित उनसठ लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए दुकान मालिक गजेन्द्र साहू को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर गुप्त सुचना पर रायडीह थाना की पुलिस और फ्लाइंग स्क्वायड टीम की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए

गुमला–चैनपुर मार्ग स्थित केराडीह के पास से एक ऑटो से 20 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

गोड्डा कॉलेज के पोस्टग्रेजुएट और अंडरग्रैजुएट छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए स्टूडेंट कैरियर गाइडेंस संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट–रंजन कुमार, गोड्डा–48 सेकेंड

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार परीक्षा आकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे। संशोधित दिशा निर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर, लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न 2024–25 सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

*******************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों को टोलफ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता लाने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लिखा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय का टेलिमानस मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन सराहनीय काम कर रहा है और लोगों को इस बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए। आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थाओं को इसका व्यापक प्रचार करने को कहा है। टेलिमानस हेल्पलाइन हर दिन चौबीसों घंटे निःशुल्क उपलब्ध् है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2022 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर इसका शुभारंभ किया था।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में भादुडीह पंचायत के धातकीडीह बाबुनडीह सीमा पर स्थित चोरी छुपे अवैध तरीके से पत्थर खनन किए जाने के मामले पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी एवं जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने पत्थर खदान पर दबिश देते हुए मौके पर पहुंच कर जांच की। खनन पदाधिकारी ने बताया कि सूचना प्राप्त हो रही थी कि प्रशासन द्वारा बंद कराए गए खदान से चोरी छुपे अवैध तरीके से पत्थर खनन कर परिवहन किया जा रहा है। पत्थर खदान से अवैध खनन जारी है। जिसे लेकर आगे जांच पूरी कर कार्रवाई होगी।

*******************

राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के निधन पर आज झारखंड विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत लालचंद महतो का पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा परिसर लाया गया। इससे पहले मंत्री बेबी देवी ने भी शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया और निधन पर शोक जताया। उनका पार्थिव शरीर रामगढ़, गोला, पेटरवार होते हुए बोकारो के बेरमो पहुंचेगा। दामोदर नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

*******************

गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाने के सदर बाजार में एक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर देने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। यह घटना कल देर शाम घटित हुई है। इस घटना कारण आज पोड़ैयाहाट बाजार स्वस्फूर्त बंद है। एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर भाजपा कार्यकर्ता को कई गोलियां मारी। गोलियां लगने के बाद उसे अस्पताल लाया गया जहां से उन्हें गोड्डा सदर अस्पताल रेफर किया गया। गोड्डा में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोड़ैयाहाट में सुरक्षा के लिये पुलिस की काफी संख्या में तैनाती की गई है। गोड्डा के सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने कल रात को ही ट्वीट कर भाजपा के कार्यकर्ता की हत्या पर दुख व्यक्त किया है।

*******************

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ बगोदर मार्ग स्थित चलनिया अलकोपी जंगल में पिछले कई दिनों से भीषण आग लगी है। आग जंगल में फैल गई है जिससे आग विकराल रूप धारण कर लिया है। आग लगने का कारण महुआ चुनना बताया जा रहा है। स्थानीय बताते हैं कि जंगल में ग्रामीण इस मौसम में महुआ चुनने के लिए जाते हैं। उस दौरान सूखे पत्ते में आग लगा देते हैं। वही आग पूरे जंगल को अपने लपेटे में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने आज इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को भी दी है। अग्निशमन विभागआग पर काबू पाने के लिए प्रयास कर रहा है।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे से शुरू होगा। कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया था।

************ समाप्त ************